# SarkariExam.Com

## अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये General Knowledge की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज SSC MTS और Exam के लिए के General Knowledge के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

# Special 15 Questions for General Knowledge

## 17/03/2020

**1. निम्नलिखित में से किस अधिनियम में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था?**

(a) रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773

(b) पिट का भारत अधिनियम, 1784

(c) चार्टर एक्ट, 1813

(d) चार्टर एक्ट, 1833

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**

**उत्तर—(a)**

1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था। सर एलिजा इम्पे इसके प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे।

**2. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नियंत्रण परिषद की स्थापना | 1. नियामक अधिनियम, 1773 |
| B. सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना | 2. पिट्स का भारतीय अधिनियम, 1784 |
| C. इंग्लिश मिशनरियों को भारत में कार्य करने की अनुमति | 3. चार्टर अधिनियम, 1813 |
| D. गवर्नर जनरल की परिषद में कानूनी सदस्य की नियुक्ति | 4. चार्टर अधिनियम, 1833 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**U.P. P.C.S (Pre) 2003**

**उत्तर—(b)**

नियामक अधिनियम (Regulating Act), 1773- सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court) की स्थापना; पिट्स का भारतीय अधिनियम, 1784- नियंत्रण परिषद की स्थापना; चार्टर अधिनियम, 1813- इंग्लिश मिशनरियों

**3. निम्नलिखित में से किससे/किनसे भारत में अंग्रेजी शिक्षा की नींव पड़ी?**

**1. 1813 का चार्टर एक्ट**

**2. जनरल कमेटी ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन, 1823**

**3. प्राच्यविद् एवं आंग्लविद् विवाद**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2018**

**उत्तर—(d)**

ईस्ट इंडिया कंपनी ने ओरिएंटल शिक्षा की प्रचलित प्रणाली को हतोत्साहित किया तथा पश्चिमी शिक्षा और अंग्रेजी भाषा को बढ़ावा दिया। 1813 के चार्टर अधिनियम में भारत में शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये खर्च करने के प्रावधान को अपनाया गया। 1823 ई. में जनरल कमेटी ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन का गठन किया गया, जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा के लिए एक लाख रुपये देने (Grant)

**4. किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश संसद ने चाय और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर ईस्ट इंडिया कंपनी के भारत के साथ व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया था?**

(a) 1813 का चार्टर अधिनियम

(b) 1833 का चार्टर अधिनियम

(c) 1853 का चार्टर अधिनियम

(d) 1873 का चार्टर अधिनियम

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2017**

**उत्तर—(a)**

1813 के चार्टर अधिनियम के माध्यम से ब्रिटिश संसद ने चाय और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर ईस्ट इंडिया कंपनी के भारत के साथ व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया था। जबकि 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा कंपनी के समस्त व्यापारिक कार्य समाप्त कर दिए गए तथा भविष्य में कंपनी को केवल राजनैतिक कार्य ही करने थे।

**5. 'चार्टर एक्ट, 1813' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

**1. इसने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापार एकाधिपत्य को, चाय का व्यापार तथा चीन के साथ व्यापार को छोड़कर, समाप्त कर दिया।**

**2. इसने कंपनी द्वारा अधिकार में लिए गए भारतीय राज्य क्षेत्रों पर ब्रिटिश राज (क्राउन) की संप्रभुता को सुदृढ़ कर दिया।**

**3. भारत का राजस्व अब ब्रिटिश संसद के नियंत्रण में आ गया था।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2019**

**उत्तर—(a)**

चार्टर एक्ट, 1813 द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापारिक एकाधिकार (चीन और चाय के व्यापार पर एकाधिकार बना रहा) समाप्त कर दिया गया। साथ ही इस एक्ट के माध्यम से कंपनी द्वारा अधिकृत भारतीय राज्य क्षेत्रों पर ब्रिटिश क्राउन की संप्रभुता को सुदृढ़ भी किया गया। इस एक्ट से हालांकि कंपनी को आगे 20 वर्षों के लिए इन क्षेत्रों का अधिकार और

**6. किस अधिनियम ने भारतवासियों को अपने देश के प्रशासन में कुछ हिस्सा लेना संभव बनाया?**

(a) चार्टर एक्ट, 1833

(b) चार्टर एक्ट, 1853

(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858

(d) इंडियन काउंसिल एक्ट, 1861

**U.P.P.C.S. (Pre) 2012**

**उत्तर–(a)**

चार्टर एक्ट, 1833 की धाराओं में सबसे महत्वपूर्ण धारा संख्या 87 थी, जिसमें यह कहा गया था कि ''किसी भी भारतीय अथवा क्राउन की देशज प्रजा को अपने धर्म, जन्मस्थान, वंशानुक्रम, वर्ण (Colour) अथवा इनमें से किसी एक कारणवश कंपनी के अधीन पद अथवा सेवा के अयोग्य नहीं माना जा सकेगा।'' कालांतर में राजनैतिक आंदोलन में 1833 एक्ट की यह धारा प्रशासन में भागीदारी हेतु मुख्य आधार बनी।

**1. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत भारतीय विधान परिषद को बजट पर बहस करने की शक्ति प्राप्त हुई?**

(a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

(b) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892

(c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

(d) भारत शासन अधिनियम, 1919

**U.P. P.C.S (Pre) 2003**

**उत्तर—(b)**

1892 के भारतीय परिषद अधिनियम ने विधान परिषद के कार्यों में वृद्धि की। इसके तहत बजट पर बहस करने की शक्ति दी गई, परंतु मतदान का अधिकार नहीं था। इस अधिनियम के तहत कार्यपालिका से प्रश्न पूछने की अनुमति दी गई।

**2. ब्रिटिश भारत में सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा की गई थी?**

(a) भारतीय काउंसिल अधिनियम, 1892

(b) मिंटो-मार्ले सुधार, 1909

(c) मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919

(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

**M.P.P.C.S. (Pre) 2019**

**उत्तर—(b)**

भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 (मिंटो-मार्ले सुधार, 1909) द्वारा ब्रिटिश भारत में सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की गई, जिसके अंतर्गत मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल का प्रावधान किया गया।

**3. निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम द्वारा भारत में संघीय न्यायालय की स्थापना की गई थी?**

(a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

(b) भारत सरकार अधिनियम, 1909

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(d)**

भारत में संघीय न्यायालय की स्थापना 1 अक्टूबर, 1937 को भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत की गई थी। इसके प्रथम मुख्य न्यायाधीश सर मौरिस ग्वेयर थे। उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में भारत सरकार अधिनियम, 1935 नहीं होने के कारण विकल्प (d) सही उत्तर है।

**4. भारत का संघीय न्यायालय निम्नलिखित में से किस वर्ष में स्थापित किया गया था?**

(a) 1935 (b) 1937

(c) 1946 (d) 1947

**U. P. P. C. S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(b)**

**5. केंद्र में 'द्वैध शासन' किस अधिनियम के अंतर्गत स्थापित किया गया?**

(a) 1909 के अधिनियम

(b) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(d) भारत स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

**U.P. P.C.S (Pre) 2008**

**उत्तर—(c)**

---

**6. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने केंद्र में द्वैध शासन प्रणाली को स्थापित किया?**

(a) भारत शासन अधिनियम, 1935

(b) भारत शासन अधिनियम, 1919

(c) भारत परिषद अधिनियम, 1909

(d) भारत परिषद अधिनियम, 1892

**U.P.P.S.C. (R.I.) 2014**

**उत्तर—(a)**

**7. 1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विशेषता/विशेषताएं है/हैं?**

1. प्रांतों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध शासन की व्यवस्था
2. मुसलमानों के लिए पृथक सांप्रदायिक निर्वाचक-मंडलों की व्यवस्था
3. केंद्र द्वारा प्रांतों को विधायिनी शक्ति का हस्तांतरण

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S (Pre) 2012**

**उत्तर—(c)**

**8. भारतीय विधानपालिका प्रथम बार द्विसदनीय बनाई गई—**

(a) 1892 के भारतीय काउंसिल एक्ट द्वारा

(b) 1909 के भारतीय काउंसिल एक्ट द्वारा

(c) 1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा

(d) 1935 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा

**U.P.P.C.S. (Mains) 2008**

**उत्तर—(c)**

1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा केंद्र में द्विसदनीय विधानपालिका की स्थापना की गई। ऊपरी सदन, 'राज्य परिषद' (Council of State) कहलाता था, जो 5 वर्ष के लिए होता था और उसके 60 सदस्यों में से अधिकतम 20 सदस्य सरकारी हो सकते थे। निचला सदन 'केंद्रीय विधानसभा' (Central Legislative Assembly) कहलाता था, जो 3 वर्ष के लिए होता था। भारत सरकार अधिनियम, 1919 की धारा 19 के तहत उसके 140 सदस्यों में से 100 निर्वाचित तथा 40 मनोनीत होते थे।

**9. केंद्र में कौन-सा एक्ट द्विसदनीय विधायिका लाया?**

(a) 1961 एक्ट (b) 1917 एक्ट

(c) 1919 एक्ट (d) 1915 एक्ट

**M.P.P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर—(c)**